**1.** तीन परस्पर सम्बन्धित शब्दों का एक समूह नीचे दिया गया है :

वाष्पन : बादल : वर्षा

दिए गए विकल्पों में से वह समूह चुनिए, जो समान सम्बन्ध रखता है।

(A) छींकना : खाँसी : ठंडा

(B) दुर्घटना : चोट : दर्द

(C) टैनिंग : चमड़ा : बटुआ

(D) कली : फूल : खुशबू

**2.** नीचे एक शब्द-युग्म दिया गया है :

जूता : मोची

दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनिए, जो समान सम्बन्ध रखता है।

(A) चश्मा : चश्माकार

(B) शिक्षा : शिक्षक

(C) ऑक्सीजन : संयंत्र

(D) खाद्य : रसोईघर

**3.** निम्न में '?' के स्थान पर कौन-सी संख्या आएगी?

20 : 11 :: 102 : ?

(A) 49

(B) 52

(C) 61

(D) 98

**4.** वह विषम कौन-सा है, जो समूह से सम्बन्धित नहीं है?

(A) हरा

(B) पीला

(C) नील (इन्डिगो)

(D) लाल

**5.** निम्न संख्या शृंखला को पूर्ण करने के लिए सही विकल्प चुनिए :

13, 32, 24, 43, 35, (....), 46, 65, 57, 76

(A) 45

(B) 52

(C) 54

(D) 55

**6.** निम्न संख्या शृंखला में गलत पद निकालिए :

3, 4, 10, 32, 136, 685, 4116

(A) 4116

(B) 136

(C) 10

(D) 32

**7.** किसी कूट भाषा में, 'MANIA' को 'NZOHZ' लिखा जाता है और 'PROUD' को 'QSNTE' लिखा जाता है। उसी भाषा में 'DONKEY' को कैसे लिखेंगे?

(A) EPOLFZ

(B) ENOLDZ

(C) CNONDZ

(D) ENPLDX

**8.** उन अक्षरों के संयोजन को चुनिए, जो दी गयी श्रेणी के रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप में रखने से श्रेणी को पूरा करेगा :

Q_T_S_K_R_ _K_RS

(A) KRQTSKT

(B) KRQTSQR

(C) KRTRSQT

(D) KRQTSQT

9. दिए गए शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

1. मेंढक
2. गरुड़
3. टिड्डा
4. साँप
5. घास

(A) 5, 3, 4, 2, 1

(B) 5, 3, 1, 4, 2

(C) 3, 4, 2, 5, 1

(D) 1, 3, 5, 2, 4

10. यदि संख्या 15 और 21 की अदला-बदली हो, तो निम्न समीकरणों में से कौन-सा सही रूप से संतुलित होगा?

(A) $62 \div 31 - 21 + 15 \times 3 = 80$

(B) $63 \div 15 + 21 \times 5 - 4 = 74$

(C) $26 + 21 \times 15 \div 3 - 14 = 108$

(D) $24 - 21 \div 3 + 15 - 7 = 23$

11. यदि $\frac{x}{x+1} + \frac{y}{y+1} + \frac{z}{z+1} = a$ हो, तो $\frac{1}{x+1} + \frac{1}{y+1} + \frac{1}{z+1}$ ($x, y, z$ वास्तविक संख्याएँ हैं) का मान होगा

(A) $a$

(B) $> a$

(C) $3 - a$

(D) $a + 2$

12. 20 [illegible]
20% गायक 25 वर्ष की उम्र से कम के हैं और पूरे समूह में 40%, 25 वर्ष की उम्र से कम के हैं। कितने प्रतिशत नर्तक 25 वर्ष की उम्र से कम के हैं?

(A) 50%

(B) 20%

(C) 40%

(D) 60%

13. यदि $a$ का अर्थ '+', $b$ का अर्थ '−', $c$ का अर्थ '×' और $d$ का अर्थ '÷' हो, तो $6d7b8c8d2$ का मान निकालिए।

(A) −17

(B) 12

(C) −19

(D) 49

14. निम्न समीकरण में अंकों के मध्य उपयुक्त गणितीय चिह्न रखिए :

12__4__2__1 = 24

(A) −, ÷, ×

(B) ×, ÷, ×

(C) +, ×, ÷

(D) +, ÷, ×

15. यदि $3 \times 4 = 5$, $5 \times 12 = 13$ हो, तो समीकरण $9 \times ? = 41$ में लुप्त मान (?) निकालिए।

(A) 35

(B) 30

(C) 45

(D) 40

16. किसी क्लब में, सभी सदस्य या तो तंबोला या रम्मी में भाग लेते हैं। 320 रम्मी में भाग लेते हैं, 350 तंबोला में भाग लेते हैं और 220 दोनों में भाग लेते हैं। क्लब में कितने सदस्य हैं?

(A) 450

(B) 410

(C) 440

(D) 550

17. किसी परीक्षा में उपस्थित होने वाले 230 छात्रों में से 162 अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुए, 152 हिन्दी में अनुत्तीर्ण हुए जबकि 124 अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में अनुत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या है

(A) 50

(B) 55

(C) 40

(D) 60

18. किसी महिला से एक पुरुष ने कहा, "तुम्हारी माता के पति की बहन मेरी आंटी (बुआ/मौसी) है।" महिला, पुरुष से कैसे सम्बन्धित है?

(A) पुत्री

(B) पौत्री

(C) माता

(D) बहन

19. अरुण ने कहा, "यह लड़की मेरी माता के पौत्र की पत्नी है।" अरुण उस लड़की का कौन है?

(A) पिता

(B) ससुर

(C) दादा

(D) पति

20. $P$, $Q$ और $R$ का भाई है। $S$, $R$ की माता है। $T$, $P$ का पिता है। निम्न कथनों में से कौन-सा निश्चित रूप से सही **नहीं** हो सकता?

(A) $T$, $Q$ का पिता है।

(B) $T$, $S$ का पति है।

(C) $Q$, $T$ का बेटा है।

(D) $P$, $S$ का बेटा है।

21. छः विद्यार्थी $A$, $B$, $C$, $D$, $E$ और $F$ एक पार्क में बैठे हैं। $A$ और $B$ दिल्ली से हैं, जबकि अन्य पटना से हैं। $D$ और $F$ लम्बे हैं, जबकि अन्य नाटे हैं। $A$, $C$ और $D$ लड़कियाँ हैं, जबकि अन्य लड़के हैं। पटना से लम्बी लड़की कौन-सी है?

(A) $D$

(B) $C$

(C) $E$

(D) $F$

22. छः व्यक्ति $M$, $N$, $O$, $P$, $Q$ और $R$ दो पंक्तियों में, प्रत्येक में तीन, बैठे हैं। $Q$ किसी भी पंक्ति में आखिर में नहीं है। $P$, $R$ के बाएँ से दूसरा है। $O$, $Q$ का पड़ोसी है और $P$ के तिरछे विपरीत बैठा है। $N$, $R$ का पड़ोसी है। $N$ के सामने कौन है?

(A) $R$

(B) $Q$

(C) $P$

(D) $M$

23. किसी कार्यालय में, चार अफसरों की वरिष्ठता निम्न प्रकार से है :

1. महेश, नितिन से रैंक में वरिष्ठ है या बराबर है।
2. रमन, शिव से रैंक में कनिष्ठ है या बराबर है।
3. नितिन, शिव से रैंक में वरिष्ठ है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर, क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(A) शिव, रमन से वरिष्ठ है।

(B) नितिन, महेश से कनिष्ठ है।

(C) महेश, रमन से वरिष्ठ है।

(D) ऐसा कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

24. लड़कियों की एक कतार में, शिल्पा बाएँ से आठवें और रीना दाएँ से सत्रहवें स्थान पर है। यदि वे अपने स्थानों की अदला-बदली कर लें, तो शिल्पा बाएँ से चौदहवें स्थान पर आ जाएगी। कतार में कितनी लड़कियाँ हैं?

(A) 27

(B) 28

(C) 29

(D) 30

25. एक पर्यटक पूर्व की ओर 10 कि॰ मी॰ गाड़ी चलाता है और फिर अपने दाएँ मुड़ता है और 3 कि॰ मी॰ गाड़ी चलाता है। फिर वह अपने दाएँ मुड़ते हुए पश्चिम की ओर अगले 3 कि॰ मी॰ गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 2 कि॰ मी॰ गाड़ी चलाता है। इसके बाद वह अपने दाएँ मुड़ता है और 7 कि॰ मी॰ यात्रा करता है। वह अपने आरम्भिक बिन्दु से कितनी दूर और किस दिशा में है?

(A) 10 कि॰ मी॰, पूर्व

(B) 9 कि॰ मी॰, उत्तर

(C) 8 कि॰ मी॰, पश्चिम

(D) 5 कि॰ मी॰, दक्षिण

26. एक घड़ी इस प्रकार रखी जाती है कि दोपहर 12 बजे इसकी मिनट सुई उत्तर-पूर्व की ओर इंगित करती है। यदि इस घड़ी को वामावर्त दिशा में 135° के कोण पर घुमा दिया जाए, तो शाम 8:45 बजे इसकी मिनट सुई किस दिशा में होगी?

(A) पूर्व

(B) पश्चिम

(C) दक्षिण

(D) उत्तर

27. किसी टेलीफोन डाइरेक्टरी में निम्न में से कौन-सा नाम मध्य में आएगा?

Sajewat, Segvan, Sajevar, Sajewet, Sangwan

(A) Sajewet

(B) Sangwan

(C) Segvan

(D) Sajevar

28. यदि अंग्रेजी वर्णमाला को उल्टे क्रम में लिखा जाए, तो आपके बाएँ से सोलहवें अक्षर के बाएँ से बारहवें स्थान पर कौन-सा अक्षर आएगा?

(A) W

(B) X

(C) D

(D) V

29. 500 विद्यार्थियों के एक विद्यालय में, 10% क्रिकेट नहीं खेलते हैं, 20% फुटबॉल नहीं खेलते हैं, 4% न क्रिकेट न ही फुटबॉल खेलते हैं। कितने विद्यार्थी फुटबॉल खेलते हैं लेकिन क्रिकेट नहीं खेलते हैं?

(A) 80

(B) 50

(C) 30

(D) 40

30. श्रेणी

3, 4, 5, 8, 7, 16, 9, 32, $x$, $y$

में $x$ और $y$ के सम्भावित मान निकालिए।

(A) 11, 22

(B) 10, 40

(C) 22, 60

(D) 11, 64

31. संख्याओं के निम्न आव्यूह में लुप्त संख्या (?) निकालिए :

| | |
|---|---|
| 15 | |
| 90 | 12 |

| | |
|---|---|
| 14 | |
| 98 | ? |

| | |
|---|---|
| 13 | |
| 65 | 10 |

(A) 14

(B) 11

(C) 13

(D) 15

32. निम्न आव्यूह में लुप्त संख्या (?) निकालिए :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 7 | 9 |
| 2 | 14 | ? |
| 3 | 105 | 117 |

(A) 20

(B) 16

(C) 12

(D) 26

33. 75 कि० मी० की यात्रा में पहली तिहाई बाकी यात्रा पूरी करने से दोगुना समय लेती है। यदि पहली तिहाई यात्रा ने $h$ घंटे लिए, तो पूरी यात्रा की औसत गति (कि० मी०/घंटा में) थी

(A) $50/h$

(B) $75/h$

(C) $25/(2h)$

(D) $225/(2h)$

34. यदि $a$, $b$, $c$, $d$ और $e$ पाँच लगातार विषम संख्याएँ हों, तो उनका औसत होगा

(A) $5(a+4)$

(B) $5(a+b+c+d+e)$

(C) $(abcde)/5$

(D) $a+4$

35. $A$ और $B$ की आय का योग, $C$ और $D$ की आय के योग से अधिक है। $A$ और $C$ की आय का योग, $B$ और $D$ की आय के योग के बराबर है। यदि $A$ की आय, $B$ और $D$ की आय के योग से आधी हो, तो किसकी आय अधिकतम है?

(A) $A$

(B) $B$

(C) $C$

(D) $D$

36. यदि $\frac{a}{b} > 50$ हो, जहाँ $a$ और $b$, 100 से कम भिन्न प्राकृतिक संख्याएँ हैं, तो $a$ और $b$ के कितने युग्म संभव हैं?

(A) 51

(B) 50

(C) 49

(D) 48

37. 45 लड़कों एवं 40 लड़कियों की कुल आयु 1540 वर्ष है। 50 लड़कों एवं 20 लड़कियों की कुल आयु 1320 वर्ष है। लड़कों की औसत आयु होगी

(A) 20 वर्ष

(B) 18 वर्ष

(C) 17 वर्ष

(D) 16 वर्ष

38. चार वर्ष पहले, $A$ और $B$ की आयु का अनुपात 13 : 9 था और आठ वर्ष बाद, अनुपात 4 : 3 होगा। उनकी वर्तमान आयु का अंतर है

(A) 56 वर्ष

(B) 40 वर्ष

(C) 16 वर्ष

(D) 24 वर्ष

39. $A$ की आयु, $B$ की $\frac{5}{4}$ है और $B$ की आयु, $C$ की $\frac{4}{3}$ है, जबकि $M$ की आयु $A$, $B$ और $C$ की आयु के योग के बराबर है। यदि $C$ की आयु 15 वर्ष है, तो $M$ की आयु क्या है?

(A) 55 वर्ष

(B) 65 वर्ष

(C) 70 वर्ष

(D) 60 वर्ष

40. एक खिलौने का बिक्री मूल्य, क्रय मूल्य से 30% अधिक था। वह बिक्री मूल्य के 70% पर बेचा गया। ₹ 54 की हानि हुई। खिलौने का क्रय मूल्य कितना था?


(A) ₹ 540

(B) ₹ 600

(C) ₹ 900

(D) ₹ 300

41. नीचे दी गई आकृति में कितने आयत हैं?




(A) 18

(B) 24

(C) 26

(D) 21

42. नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिकोण हैं?



(A) 8

(B) 16

(C) 18

(D) 20

43. कबूतर का सम्बन्ध शांति से है। उसी तरह सफ़ेद झंडा से सम्बन्धित है

(A) समर्पण

(B) जीत

(C) शत्रुता

(D) युद्ध

44. अध्ययन का सम्बन्ध ज्ञान से है। उसी तरह कार्य से सम्बन्धित है


(A) अनुभव

(B) व्यस्तता

(C) रोजगार

(D) प्रयोग

45. नीचे दी गई आकृति में वृत्त, युवा व्यक्तियों को; त्रिभुज, अशिक्षित व्यक्तियों को और आयत, कार्यरत व्यक्तियों को प्रदर्शित करता है :




कौन-सा क्षेत्र युवा, अशिक्षित और गैर-कार्यरत व्यक्तियों को दर्शाता है?


(A) 1

(B) 2

(C) 6

(D) 3

**46.** नीचे दिया गया चित्र क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल और टेनिस खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या दर्शाता है :




कितने खिलाड़ी या तो फुटबॉल और क्रिकेट या वालीबॉल और टेनिस खेलते हैं?


(A) 67

(B) 99

(C) 53

(D) 60

**47.** एक पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं। जब 4 तल पर हो, तो ऊपर कौन-सी संख्या होगी?





(A) 1


(B) 2


(C) 5


(D) 6

**48.** निम्न में से सबसे उपयुक्त वेन आरेख कौन-सा है, जो असामाजिक तत्त्वों, जेबकतरों और ब्लैकमेलरों के बीच परस्पर सम्बन्ध दर्शाता है?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

**49.** यदि 'हरा' का अर्थ 'पीला', 'पीला' का अर्थ 'सफेद', 'सफेद' का अर्थ 'लाल', 'लाल' का अर्थ 'बैंगनी' और 'बैंगनी' का अर्थ 'काला' है, तो मानव रक्त का रंग निम्न में से कौन-सा है?

(A) लाल

(B) बैंगनी

(C) हरा

(D) काला

**50.** किसी निश्चित कोड में, 'open the door' को 'ka te jo' लिखा जाता है; 'door is closed' को 'jo pa ma' लिखा जाता है और 'this is good' को 'la ra pa' लिखा जाता है। 'closed' का कोड क्या होगा?

(A) pa

(B) ka

(C) jo

(D) ma

51. 'भारत का नेपोलियन' किसे कहा गया था?

(A) चन्द्रगुप्त मौर्य

(B) समुद्रगुप्त

(C) चन्द्रगुप्त द्वितीय

(D) स्कन्दगुप्त

52. मौर्यों के अन्तर्गत भौतिक संस्कृति के प्रसार में कौन सहायता करता था?

(A) प्रशासक

(B) व्यापारी

(C) बौद्ध साधु

(D) उपर्युक्त सभी

53. फिरोजशाह तुगलक के दौरान नहरों के बनाने और रख-रखाव के खर्चे ______ के द्वारा वहन किये जाते थे।

(A) राज्य

(B) शिक

(C) अधिकारियों

(D) काश्तकारों

54. 'आइन-ए-अकबरी' किसने लिखी?

(A) अब्दुल कादिर बदायूनी

(B) अबुल फज़ल

(C) मिन्हाज-उस-सिराज

(D) निज़ामुद्दीन अहमद

55. 'स्थायी बन्दोबस्त' को लागू किया गया था

(A) 1791 ई० में

(B) 1792 ई० में

(C) 1793 ई० में

(D) 1794 ई० में

56. किसने प्रसन्नतापूर्वक 1907 में सूरत में काँग्रेस की फूट को 'हमारे लिए एक महान जीत' के रूप में व्याख्या की थी?

(A) लॉर्ड मॉर्ले

(B) लॉर्ड मिन्टो

(C) सर एंड्रयू फ्रेजर

(D) लॉर्ड कर्जन

57. 'धन-प्रवाह सिद्धान्त' को किसने प्रतिपादित किया था?

(A) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

(B) रजनी पाम दत्त

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

58. विजयनगर का महानतम शासक कौन था?

(A) हरिहर

(B) बुक्का

(C) देवराय

(D) कृष्णदेवराय

59. "सम्पन्नता ने षड्यंत्र और विद्रोह को जन्म दिया तथा दरिद्रता स्थायित्व और शान्ति की गारंटी देती थी।" यह किसने कहा?

(A) अमीर खुसरो

(B) मुहम्मद हसन निजामी

(C) इब्न बतूता

(D) जियाउद्दीन बरनी

60. 'षड्यंत्रकारी संगठन' किस संगठन को कहा गया था?

(A) ब्रह्म समाज

(B) थियोसॉफिकल सोसाइटि

(C) आर्य समाज

(D) उपर्युक्त सभी

61. भारतीय संविधान ______ से कम आयु के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा प्रदान करने पर ज़ोर देता है।

(A) 10 वर्ष

(B) 18 वर्ष

(C) 20 वर्ष

(D) 14 वर्ष

62. इनमें से किसका भारत में प्रत्यक्ष चुनाव होता है?

(A) भारत के राष्ट्रपति

(B) भारत के उप-राष्ट्रपति

(C) विधान-सभा का सदस्य

(D) राज्य सभा का सदस्य

63. भारत में संविधान संशोधन ______ द्वारा किया जा सकता है।

(A) लोगों

(B) संसद

(C) राज्यों

(D) राष्ट्रपति

64. पंचायत के चुनावों में राजनीतिक दलों की साझेदारी का किसने विरोध किया था?

(A) विनोबा भावे

(B) डॉ० बी० आर० अम्बेडकर

(C) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(D) जयप्रकाश नारायण

65. राज्यों के पुनर्गठन की शक्ति किसके पास है?

(A) भारत के राष्ट्रपति

(B) भारत के प्रधानमंत्री

(C) भारत के सर्वोच्च न्यायालय

(D) भारतीय संसद

66. म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन साधारणतः ______ प्रशासन के लिए स्थापित की जाती हैं।

(A) सभी शहरों के

(B) मध्य दर्जे के शहरों के

(C) महानगरों के

(D) बड़े कस्बों के

67. पंचायती राज प्रथम बार अक्तूबर 1959 में प्रारम्भ किया गया था

(A) केरल में

(B) तमिलनाडु में

(C) राजस्थान में

(D) कर्नाटक में

68. पंचायती राज _____ के लोगों को वास्तविक स्वराज देने के लिए स्थापित किया गया था।

(A) महानगरों

(B) कस्बों

(C) ग्रामीण क्षेत्रों

(D) ज़िलों

69. ''बहु-दलीय व्यवस्था के बावजूद लम्बे समय तक भारत में राजनीतिक परिदृश्य में 'काँग्रेस व्यवस्था' का आधिपत्य बना रहा।'' यह किसने कहा?

(A) रजनी कोठारी

(B) इरफान हबीब

(C) डी० सी० सरकार

(D) हेमचन्द्र रायचौधरी

70. भारत का संविधान

(A) एक मूल संविधान है

(B) 'उधार का एक बोरा' है

(C) दूसरे संविधानों की कोई नकल नहीं है

(D) अमेरिकी संविधान की नकल है

71. किस भारतीय राज्य ने 1969–70 में खनिज उत्पादन में करीब 32·33% के तौर पर अग्रणी स्थिति बना ली थी?

(A) पश्चिम बंगाल

(B) बिहार

(C) मध्य प्रदेश

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. जे० एन० टाटा ने सिंहभूम में किन दो नदियों के मध्य अपनी लोहे और इस्पात की कम्पनी स्थापित की थी?

(A) गोगरा और गंडक

(B) गोगरा और गंगा

(C) गंडक और कोशी

(D) सुवर्णरेखा और खरकई

73. हरित क्रांति मुख्य रूप से सीमित थी

(A) खाद्य फसलों तक

(B) व्यावसायिक फसलों तक

(C) खाद्य और व्यावसायिक फसलों तक

(D) फल और खाद्य फसलों तक

74. भारत में सिंचाई के महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं

(A) नहरें

(B) कुएँ

(C) तालाबें

(D) उपर्युक्त सभी

75. विश्व में कौन-सा देश अभी तक मिश्रित (संकर) तकनीकी को अपनाने में वास्तविक रूप से सफल हुआ है?

(A) फ्रांस

(B) इंग्लैण्ड

(C) स्विट्ज़रलैण्ड

(D) चीन

76. आवर्तन के आधार पर, ज्वालामुखियों को किसमें वर्गीकृत किया जा सकता है?

(A) सक्रिय ज्वालामुखी

(B) निष्क्रिय ज्वालामुखी

(C) विलुप्त ज्वालामुखी

(D) उपर्युक्त सभी

77. व्यापक दरिद्रता ज्यादा देखी जाती है

(A) एशिया में

(B) लैटिन अमेरिका में

(C) अफ्रीका में

(D) न्यूज़ीलैण्ड में

78. गोदावरी, कृष्णा और कावेरी नदियाँ हैं

(A) भारत के उत्तरी क्षेत्रों में

(B) भारत के दक्षिण क्षेत्रों में

(C) भारत के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्रों में

(D) भारत के केन्द्रीय और दक्षिण क्षेत्रों में

79. भैंसों की उत्तम नस्ल मुर्रा पायी जाती है

(A) पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रों में

(B) सौराष्ट्र के क्षेत्रों में

(C) गुजरात के मेहसाना क्षेत्र में

(D) महाराष्ट्र के पुणे क्षेत्र में

80. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में गरीबी रेखा से नीचे (BPL) की प्रतिशतता क्या है?

(A) 32%

(B) 22%

(C) 42%

(D) 35%

81. विश्व की जनसंख्या में भारत का स्थान किस देश के बाद में आता है (2020 से पहले)?

(A) इंग्लैण्ड

(B) अमेरिका

(C) चीन

(D) रूस

82. योजना आयोग की स्थापना के साथ ही भारत में आर्थिक योजना का युग प्रारम्भ हुआ

(A) 1948 में

(B) 1950 में

(C) 1951 में

(D) 1952 में

83. भारत में मजदूर संघ आन्दोलन स्थायी तौर पर स्थापित हुआ

(A) 1917 में

(B) 1919 में

(C) प्रथम विश्व युद्ध के बाद

(D) द्वितीय विश्व युद्ध के बाद

84. ''भारतीय राष्ट्रवादी नेताओं ने 1880–1905 के मध्य आर्थिक नीतियों की प्रकृति का 'भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद के युग' के रूप में चरित्र-चित्रण किया है।'' यह किसने लिखा?

(A) बिपन चन्द्र

(B) रजनी पाम दत्त

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) आर० सी० दत्त

85. रेलवे किस काल के लिए एक वास्तविक वरदान थी?

(A) जन-संघर्ष

(B) प्राकृतिक आपदा

(C) शान्ति

(D) द्वितीय विश्व युद्ध

86. 'पॉवर्टी ऐंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' किसने लिखी?

(A) सुरेन्द्रनाथ बैनर्जी

(B) दादाभाई नौरोजी

(C) विलियम डिग्बी

(D) एम० जी० रानाडे

87. 2011 में भारत में कौन-से एकमात्र राज्य ने 1000 पुरुषों पर 1084 महिलाओं के उच्चतर अनुपात को दर्शाया था?

(A) कर्नाटक

(B) तमिलनाडु

(C) केरल

(D) आंध्र प्रदेश

88. पानी द्वारा उत्पन्न बीमारियों का सीधा प्रभाव किसके लिए जिम्मेदार है?

(A) अतिसार बीमारियाँ

(B) आंत्रज्वर

(C) पैराटाइफॉइड

(D) उपर्युक्त सभी

89. भारत में कृषि सुधार शुरू किया गया था

(A) ज़मींदारों की सहायता हेतु

(B) कृषकों की सहायता हेतु

(C) उपलब्ध साधनों के दोहन हेतु

(D) उपर्युक्त सभी

90. भारत में जनगणना कितने वर्षों में की जाती है?

(A) पाँच वर्ष

(B) आठ वर्ष

(C) एक दशक

(D) दो दशक

91. 1 मार्च, 2023 से फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री (FICCI) के महासचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

(A) अरुण चावला

(B) वी० रामचंद्र

(C) सुरेश धवन

(D) शैलेश पाठक

92. वर्ष 2022 में, कुल कितने व्यक्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?

(A) 111

(B) 98

(C) 128

(D) 110

93. निम्नलिखित में से किस देश ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप, 2022 जीता है?

(A) श्रीलंका

(B) इंग्लैण्ड

(C) स्पेन

(D) भारत

94. संयुक्त राष्ट्र के 27वें जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP 27) का आयोजन कहाँ किया गया था?

(A) जापान

(B) जर्मनी

(C) ऑस्ट्रेलिया

(D) मिस्र

95. कौन-सा केन्द्रीय मंत्रालय स्मार्ट समाधान चुनौती और समावेशी शहर पुरस्कार प्रदान करता है?

(A) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(B) गृह मंत्रालय

(C) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय

(D) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

96. कार्बन-मुक्त परमाणु ऊर्जा से उत्पन्न होने वाले हाइड्रोजन का क्या नाम है?

(A) गुलाबी हाइड्रोजन

(B) काला हाइड्रोजन

(C) पीला हाइड्रोजन

(D) सफेद हाइड्रोजन

97. किस राज्य ने राज्य में आरक्षण बढ़ाकर 76% करने के लिए विधेयक पारित किया है?

(A) तमिलनाडु

(B) छत्तीसगढ़

(C) ओडिशा

(D) हरियाणा

98. चैत्य भूमि किस नेता का समाधि-स्थल है?

(A) महात्मा गाँधी

(B) सरोजिनी नायडू

(C) सरदार वल्लभभाई पटेल

(D) डॉ० बी० आर० अम्बेडकर

99. किस देश ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में जिम्मेदार प्रगति पर सहयोग करने के लिए यूरोपीय संघ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) जापान

(C) चीन

(D) न्यूजीलैण्ड

100. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेटिक लीडरशिप ने किस राज्य में भारत के पहले मॉडल G-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी की?

(A) पंजाब

(B) केरल

(C) गुजरात

(D) महाराष्ट्र

101. निम्नलिखित में से थर्मल पावर प्लान्ट में किस एक का प्रयोग किया जाता है?

(A) यूरेनियम

(B) थोरियम

(C) वायु

(D) जीवाश्म इंधन (फॉसिल फ्यूल)

102. विंडमिल से उत्पन्न विद्युत्-शक्ति (पावर) किस पर निर्भर करती है?

(A) निम्न ऊँचाई

(B) पवन का वेग

(C) पवन के वेग पर निर्भर नहीं करती है

(D) विंडमिल के आसपास लगे हुए पेड़ों पर निर्भर करती है

103. विद्युत् धारा को निम्नलिखित में से किस यन्त्र से नापा जाता है?

(A) गैल्वेनोमीटर

(B) ऐमीटर

(C) वोल्टमीटर

(D) विभवमापी

104. निम्नलिखित में से किसमें टंग्स्टन का प्रयोग किया जाता है?

(A) धातु निष्कर्षण

(B) विद्युत् बल्ब

(C) कुचालक

(D) टेक्सटाइल उत्पादन

105. चुम्बकीय बल रेखाएँ निम्नलिखित में से किससे निकलती हैं?

(A) दक्षिणी ध्रुव

(B) उत्तरी ध्रुव

(C) चुम्बक के केन्द्र

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

106. प्रकाश का प्रकीर्णन देखा जा सकता है

(A) आकाश के नीले रंग में

(B) सूर्योदय के समय सूर्य की लालिमा में

(C) सूर्यास्त के समय सूर्य की लालिमा में

(D) उपर्युक्त सभी

107. मानव आँख में नाभिक दूरी का परिवर्तन निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?

(A) कॉर्निया

(B) आइरिस

(C) सिलियरी मसल्स

(D) प्यूपिल

108. गाड़ियों में पीछे देखने के दर्पण का आवर्धन निम्नलिखित में से क्या होगा?

(A) 1

(B) 1 से अधिक

(C) 1 से कम

(D) आवर्धन नहीं देखा जाएगा

109. निम्नलिखित माध्यमों में से किसमें प्रकाश की गति अधिकतम होती है?

(A) तेल

(B) जल

(C) वायु

(D) कागज

110. शून्य प्रतिरोध वाले पदार्थ को निम्नलिखित में से क्या कहेंगे?

(A) कुचालक

(B) चालक

(C) अतिचालक

(D) अर्धचालक

111. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्लीय है?

(A) लेमन जूस

(B) टमाटर

(C) दूध

(D) उपर्युक्त सभी

112. निम्नलिखित में से कौन-सा, नीले लिट्मस को लाल में बदल देगा?

(A) सिरका

(B) चूने का पानी

(C) बेकिंग सोडा का घोल

(D) वॉशिंग सोडा का घोल

113. HCl घोल का pH 4 है। घोल की मोलरिटी निम्नलिखित में से क्या है?

(A) 4·0 $M$

(B) 0·4 $M$

(C) 0·0001 $M$

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. कॉस्टिक पोटाश का रासायनिक सूत्र है

(A) NaOH

(B) $Ca(OH)_2$

(C) $NH_4OH$

(D) KOH

115. रासायनिक भाषा में मोरचा (जंग लगना) क्या है?

(A) हाइड्रेटेड फेरस ऑक्साइड

(B) केवल फेरिक ऑक्साइड

(C) हाइड्रेटेड फेरिक ऑक्साइड

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

116. $CO_2$ और $H_2$ दोनों गैसें होती हैं

(A) हवा से भारी

(B) रंगहीन

(C) स्वभाव में अम्लीय

(D) पानी में घुलनशील

117. लेड सल्फेट का रासायनिक सूत्र है

(A) $Pb_2SO_4$

(B) $Pb(SO_4)_2$

(C) $PbSO_4$

(D) $Pb_2(SO_4)_3$

118. वसायुक्त भोजन बासी/गंधयुक्त हो जाते हैं। बताइए कि निम्नलिखित में से किस क्रिया के कारण ऐसा होता है।

(A) उपचयन (ऑक्सीकरण)

(B) क्षरण

(C) अपचयन

(D) हाइड्रोजनीकरण

119. हम सिल्वर क्लोराइड को गहरे रंग की बोतल में रखते हैं

(A) क्योंकि यह सफेद ठोस है

(B) अपचयन और उपचयन अभिक्रिया होने के कारण

(C) सूर्य के प्रकाश की क्रिया से बचाने के लिए

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

120. विटामिन $B_{12}$ का रासायनिक नाम क्या है?

(A) थायमीन

(B) राइबोफ्लेविन

(C) कोबालामीन

(D) नियासिन

121. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन हाथियों के बारे में सत्य है?

(A) तीन महीने के हाथी का बच्चा आमतौर पर लगभग 2 क्विण्टल वजन का होता है।

(B) एक प्रौढ़ हाथी एक दिन में 2 क्विण्टल से अधिक पत्तियाँ तथा डालियाँ खा सकता है।

(C) हाथी अपने भारी वजन के कारण अधिक आराम करना पसन्द करते हैं।

(D) हाथी दिन में 8 घंटे से 10 घंटे सोते हैं।

122. निम्नलिखित में से कौन-सा, गर्म खून का प्राणी है?

(A) कबूतर

(B) मगरमच्छ

(C) दादुर

(D) मछली

123. निम्नलिखित में से विटामिन A का अच्छा स्रोत कौन-सा है?

(A) मछली का तेल

(B) चीनी

(C) केला

(D) नारियल का तेल

124. निम्नलिखित में से गुँथे आटे के फूलने का क्या कारण है?

(A) खमीर का बहुगुणित होना

(B) वसा का पायसीकरण

(C) $CO_2$ का उत्पादन

(D) तेल का हाइड्रोजनीकरण

125. प्राकृतिक स्रोत तथा अम्ल (एसिड) के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?

(A) टमाटर : ऑक्सैलिक एसिड

(B) संतरा : एसिटिक एसिड

(C) बिछुआ डंक : लैक्टिक एसिड

(D) इमली : मेथानोइक एसिड

126. गर्मी के दिनों में दूध से दही जल्दी बनता है। इसका कारण क्या है?

(A) ताप में वृद्धि के साथ बैक्टीरिया का विकास बढ़ जाता है

(B) ताप में कमी के कारण बैक्टीरिया का विकास बढ़ जाता है

(C) सामान्य ताप पर बैक्टीरिया का विकास घटता है

(D) ताप का बैक्टीरिया के विकास पर कोई असर नहीं पड़ता है

127. निम्नलिखित में से कौन-सी एन्डोक्राइन ग्रन्थि नहीं है?

(A) एड्रीनल

(B) पिट्यूटरी

(C) लैक्रीमल

(D) थायरॉयड

128. रेस्ट्रिक्शन एन्जाइम का आविष्कार किसने किया था?

(A) स्मिथ और नाथन्स

(B) अलेक्जेन्डर फ्लेमिंग

(C) बर्ग

(D) इनमें से कोई नहीं

129. रससंवेदी अभिग्राहक जानकारी देते हैं

(A) प्रकाश की

(B) स्वाद की

(C) गंध की

(D) स्पर्श की

130. मस्तिष्क जिम्मेदार है

(A) सोच-विचार के लिए

(B) हृदय की धड़कन को नियन्त्रित करने के लिए

(C) शरीर का संतुलन बनाए रखने के लिए

(D) उपर्युक्त सभी

131. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अजैव निम्नीकरणीय पदार्थ है?

(A) डी० डी० टी०

(B) खाद

(C) कागज

(D) सूती कपड़ा

132. कमरे में रखा हुआ गमले में लगा पौधा प्रकाश की दिशा में मुड़ जाता है। इस मुड़ने को क्या कहते हैं?

(A) फोटोग्राफिज़्म

(B) फोटोनैस्टिज़्म

(C) फोटोपेरियोडिज़्म

(D) फोटोट्रॉपिज़्म

133. निम्नलिखित में से कौन-सा एक वानस्पतिक हॉर्मोन है?

(A) इन्सुलिन

(B) थायरॉक्सिन

(C) एस्ट्रोजन

(D) साइटोकिनिन

134. निम्नलिखित में से किस कारण से भूमिगत जल की कमी नहीं होगी?

(A) वनरोपण

(B) ताप ऊर्जा संयंत्र

(C) जंगलों का ह्रास तथा वर्षा की कमी

(D) अधिक जल माँग वाली फसलों की खेती

135. मिर्च में तीखापन निम्नलिखित में से किसके कारण है?

(A) लाइकोपीन

(B) कैप्साइसिन

(C) कैरोटीन

(D) एन्थोसायनिन

136. वन्य जीवन के अन्तर्गत निम्नलिखित में से क्या आता है?

(A) केवल वन्य जीव

(B) केवल वन्य पौधे

(C) वन्य पौधे तथा वन्य जीव दोनों

(D) सभी पौधे तथा जीव

137. निम्नलिखित में से कौन-सी आनुवंशिक रूप से रूपांतरित फसल है?

(A) Bt कॉटन

(B) Bt ब्रिंजल

(C) गोल्डेन राइस

(D) उपर्युक्त सभी

138. प्रथम जीन परिवर्तन का पैदा किया हुआ पौधा कौन-सा है?

(A) बैंगन

(B) तम्बाकू

(C) चावल

(D) कपास

139. वायु प्रदूषण का प्रभाव प्राय: निम्नलिखित में से किस पर पाया जाता है?

(A) फूल

(B) पत्ती

(C) तना

(D) जड़

140. तना-कंद का आम उदाहरण है

(A) अदरक

(B) लहसुन

(C) प्याज

(D) आलू



Join Telegram: BPSC Network

141. यदि दो संख्याओं के योग तथा अन्तर क्रमशः 20 और 8 हैं, तो उनके वर्गों का अन्तर है

(A) 12

(B) 28

(C) 160

(D) 180

142. एक भिन्न के अंश तथा हर 2 : 3 के अनुपात में हैं। यदि अंश से 6 घटाया जाता है, तो परिणाम एक भिन्न है जिसका मान वास्तविक भिन्न का $\frac{2}{3}$ है। वास्तविक भिन्न का अंश है

(A) 6

(B) 18

(C) 27

(D) 36

143. $0{\cdot}008 \times 0{\cdot}01 \times 0{\cdot}0072 \div (0{\cdot}12 \times 0{\cdot}0004)$

का मान है

(A) 0·012

(B) 0·12

(C) 1·02

(D) 1·2

144. एक परीक्षा में कुल अभ्यर्थियों का $37\frac{1}{2}\%$ छात्राएँ थीं। छात्रों का 75% तथा छात्राओं का $62\frac{1}{2}\%$ अभ्यर्थी सफल हुए तथा 342 छात्राएँ असफल हुईं। असफल छात्रों की संख्या थी

(A) 350

(B) 360

(C) 370

(D) 380

145. $P$ तथा $Q$ की औसत मासिक आय ₹ 5,050 है। $Q$ तथा $R$ की औसत मासिक आय ₹ 6,250 और $P$ तथा $R$ की औसत मासिक आय ₹ 5,200 है। $P$ की मासिक आय है

(A) ₹ 3,500

(B) ₹ 4,000

(C) ₹ 4,050

(D) ₹ 5,000

146. यदि दो संख्याओं का योग 25 है तथा उनका अन्तर $7\frac{1}{2}$ है, तो संख्याओं का अनुपात है

(A) 6 : 13

(B) 7 : 13

(C) 13 : 7

(D) 13 : 6

**147.** यदि $A : B = \frac{1}{2} : \frac{3}{8}$, $B : C = \frac{1}{3} : \frac{5}{9}$ तथा $C : D = \frac{5}{6} : \frac{3}{4}$ है, तो अनुपात $A : B : C : D$ है

(A) 4 : 6 : 8 : 10

(B) 6 : 4 : 8 : 10

(C) 6 : 8 : 9 : 10

(D) 8 : 6 : 10 : 9

**148.** क्रय मूल्य तथा विक्रय मूल्य का अनुपात 4 : 5 है। लाभ प्रतिशत है

(A) 10%

(B) 20%

(C) 25%

(D) 30%

**149.** राशि ₹ 15,000 पर 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर ₹ 96 है। वार्षिक ब्याज दर है

(A) 8%

(B) 8·5%

(C) 9%

(D) 9·5%

**150.** एक राशि में 6 वर्ष में साधारण ब्याज से 60% वृद्धि होती है। इसी दर से ₹ 12,000 का 3 वर्ष के बाद चक्रवृद्धि ब्याज होगा

(A) ₹ 2,160

(B) ₹ 3,120

(C) ₹ 3,972

(D) ₹ 6,240